>

Title: Need to construct elevated road or flyover on National Highway No. 2 in Agra.

प्रो. रामशंकर (आगरा): सभापति जी, आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, उसके मैं आपका आभारी हूं। मैं आगरा संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करता हूं। आगरा को सभी लोग एक ऐतिहासिक और विश्व धरोहर के रूप में जानते हैं। वहां प्रतिदिन 50,000 से लेकर 1 लाख तक देशी-विदेशी पर्यटक आते हैं। आगरा शहर के बीच में से नेशनल हाइवे नम्बर दो गुजरता है, जिसकी लम्बाई दस किलोमीटर है। लेकिन कोई फ्लाई ओवर या एलिवेटेड रोड उस पर नहीं है, जिसकी वजह से हर साल सैंकड़ों की तादाद में स्कूली बच्चों के साथ दुर्घटनाएं होती हैं और उनकी मृत्यु हो जाती है। वहां के लोगों की लम्बे समय से मांग रही है कि जब आगरा में इतने पर्यटक आते हैं, उनकी वजह से जाम की स्थिति रहती है इसलिए उन्हें काफी परेशानी होती है, अतः इस समस्या के निदान के लिए इस दस किलोमीटर लम्बी रोड पर एलिवेटेड रोड या फ्लाई ओवर बनाया जाए।

सभापति जी, आगरा और मथुरा के बीच जो पट्टी है, वहां का पानी खारा है।

सभापति महोदय: माननीय सदस्य, यह शून्य काल है। आपने लिखित में जो नोटिस दिया है, आप केवल उस पर ही बोल सकते हैं। दूसरा विषय उठाना नियमों का उल्लंघन होगा। इसलिए शून्य काल में सिर्फ एक ही विषय पर आप अपनी बात कहें।

प्रो. रामशंकर : मेरी केन्द्र सरकार से यही मांग है कि वहां एलिवेटेड रोड बनाई जाए।

SHRIMATI BOTCHA JHANSI LAKSHMI (VIZIANAGARAM): Mr. Chairman, Sir, please give me permission to speak from this seat.

MR. CHAIRMAN: Yes, you are permitted.